शीर्ष प्राथमिकता समयबद्ध

संख्या- 2 /2023/बी-2-24/दस-2023-आर-2/2016टी.सी.

प्रेषक,

आलोक दीक्षित,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. अपर मुख्य सचिव,
   श्री राज्यपाल।
3. प्रमुख सचिव,
   विधान सभा/विधान परिषद, उत्तर प्रदेश।
4. प्रमुख सचिव,
   समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 24 जनवरी, 2023

विषयः वित्तीय वर्ष 2022-2023 के तृतीय त्रैमास (माह अक्टूबर, 2022 से दिसम्बर, 2022 तक) के प्राप्ति एवं व्यय के आँकड़ों के लेखा मिलान के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महालेखाकार/राजकोष एवं वी.एल.सी. कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-टी.एम.-2/ग्रुप-4/लेखा मिलान/86828 दिनांक 10.01.2023 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आंकड़ों के त्रैमासिक लेखा मिलान की प्रक्रिया के क्रम में माह अक्टूबर, 2022 से दिसम्बर, 2022 तक के लेखांकित प्राप्तियों एवं व्यय के आंकड़ों का विभागीय आंकड़ों से मिलान के लिये दिनांक 13 फरवरी, 2023 से 17 मार्च, 2023 तक की अवधि निर्धारित की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने अधीनस्थ विभागाध्यक्षों/नियंत्रक अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे वित्तीय वर्ष 2022-2023 के तृतीय त्रैमास (माह अक्टूबर, 2022 से दिसम्बर,2022 तक) के विभागीय प्राप्तियों एवं भुगतानों का लेखा मिलान कार्य कराये जाने हेतु संलग्न निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डी.डी.ओ. रिकन्सीलियेशन शीट एवं मासिक व्यय विवरण (बी.एम.-4 एवं बी.एम.-13), महालेखाकार कार्यालय के ई-मेल- agaeuttarpradesh1@cag.gov.in एवं फैक्स नं0-0532-2420880 (राजकोष प्रकोष्ठ) या 0532-2421987 पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करायें ।

3- उक्त के अतिरिक्त महालेखाकार कार्यालय द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि राज्य सरकार के अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वीकृत दीर्घकालीन अग्रिम के आंकडों का त्रैमासिक मिलान नियमित रूप से नहीं कराया जा रहा है। अतःसभी सम्बन्धित विभाग द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वीकृत दीर्घकालीन अग्रिम (भवन निर्माण/मरम्मत अग्रिम आदि) के आंकडों के लेखा मिलान का कार्य भी अवश्य सुनिश्चित करायें ।

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि महालेखाकार कार्यालय की वेबसाइट agup.nic.in पर उपलब्ध वर्ष 2001-2002 से 2021-2022 की अवधि में स्वीकृत किये गये अनावर्ती सहायता अनुदानों के सापेक्ष लम्बित उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में एवं लम्बित ए.सी. बिल के सापेक्ष डी.सी.बिल का प्रेषण सुनिश्चित करें जिससे नियंत्रक अधिकारियों द्वारा स्वीकृत सहायता अनुदानों एवं ए.सी.बिल का समायोजन भी महालेखाकार कार्यालय में संभव हो सके। नियंत्रण अधिकारियों द्वारा समयानुसार लेखा मिलान पूर्ण नहीं कराने पर उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा और महालेखाकार द्वारा पुस्तांकित आंकडे अंतिम समझे जायेंगे।

5- लेखा मिलान हेतु यदि किसी विभाग का नाम संलग्न सूची में अंकित होने से रह गया है, तो ऐसे विभाग अपने विभाग का लेखामिलान कार्य दिनांक 17 मार्च, 2023 को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

आलोक दीक्षित
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या- 2/2023/बी-2-24(1)/दस-2023-आर-2/2016टी.सी., तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. उप महालेखाकार/राजकोष एवं वी.एल.सी., कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को पत्र पत्र संख्या-टी.एम.-2/ग्रुप-4/लेखामिलान/86828, दिनांक 10.01.2023 के संदर्भ में।
2. उप महालेखाकार (राजकोष) कार्यालय महालेखाकार,(लेखा व हकदारी)-द्वितीय,उत्तरप्रदेश, इलाहाबाद।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4. निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. समस्त विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. समस्त अनुभाग अधिकारी,वित्त विभाग।

आज्ञा से,

आलोक दीक्षित
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-2/2023/बी-2-24 /दस-2023-आर-2/2016 टी.सी. दिनांक 24 जनवरी, 2023

वित्तीय वर्ष 2022-2023 से सम्बन्धित माह अक्टूबर, 2022 से दिसम्बर, 2022 तक के विभागीय प्राप्तियों एवं भुगतानों का महालेखाकार कार्यालय में पुस्तांकित आंकड़ों से तिथिवार मिलान हेतु कार्यक्रम।

क्रमांक	विभाग का नाम	मिलान करने की निर्धारित तिथि
1	आबकारी	13.02.2023
2	आवास	
3	उद्योग विभाग (लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन/खानें और खनिज/खादी एवं ग्रामोद्योग/हथकरघा उद्योग/भारी एवं मध्यम उद्योग/मुद्रण तथा लेखन सामग्री)	
4	आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग	
5	ऊर्जा	14.02.2023.
6	उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण	
7	रेशम विभाग	
8	कृषि विभाग	
9	परती भूमि विकास	15..02.2023
10	समन्वय विभाग	
11	कृषि विपणन विभाग	
12	भूमि विकास एवं जल संसाधन	
13	ग्राम्य विकास विभाग	16.02.2023
14	भूगर्भ जल विभाग	
15	लघु सिंचाई	
16	ग्रामीण अभियंत्रण सेवा	
17	पंचायती राज विभाग	17.02.2023
18	पशुधन	
19	दुग्ध विकास	
20	मत्स्य	
21	सहकारिता	20.02.2023
22	कार्मिक एवं नियुक्ति	
23	खाद्य एवं रसद	
24	खेल एवं युवा कल्याण	
25	गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग	21.02.2023
26	गृह (कारागार)	
27	गृह (पुलिस)	
28	नागरिक सुरक्षा	
29	राजनीतिक पेंशन	22.02.2023
30	गृह (गोपन)	
31	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग	
32	परिवार कल्याण विभाग	

33	चिकित्सा शिक्षा (एलोपैथी)	23.02.2023
34	आयुर्वेदिक एवं यूनानी	
35	होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग	
36	खाद्य एवं औषधि प्रशासन	
37	नगर विकास	24.02.2023
38	नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग	
39	नागरिक उड्डयन	
40	भाषा	27.02.2023
41	नियोजन	
42	निर्वाचन	
43	न्याय	28.02.2023
44	परिवहन	
45	पर्यावरण	
46	पर्यटन विभाग	
47	प्रशासनिक सुधार	01.03.2023
48	प्राविधिक शिक्षा	
49	अल्पसंख्यक कल्याण	
50	महिला एवं बाल विकास	02.03.2023
51	राजस्व	
52	सहायता एवं पुनर्वास	
53	राष्ट्रीय एकीकरण	03.03.2023
54	लोक निर्माण	
55	राज्य सम्पत्ति विभाग	
56	वन	
57	अपारम्परिक ऊर्जा (नेडा)	06.03.2023
58	विधान परिषद सचिवालय	
59	विधान सभा सचिवालय	
60	विधायी एवं संसदीय कार्य	
61	वित्त विभाग	09.03.2023
62	विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग	
63	बेसिक शिक्षा	
64	माध्यमिक शिक्षा	
65	उच्च शिक्षा	10.03.2023
66	श्रम	
67	सचिवालय प्रशासन	
68	कार्यक्रम कार्यान्वयन	
69	विकलांग कल्याण	13.03.2023
70	पिछड़ा वर्ग कल्याण	
71	समाज कल्याण	
72	जनजाति कल्याण	

73	सतर्कता विभाग	14.03.2023
74	सामान्य प्रशासन	
75	मुख्यमंत्री कार्यालय (प्रोटोकाल)	
76	सार्वजनिक उद्यम	
77	सूचना	15.03.2023
78	संस्थागत वित्त	
79	स्टाम्प एवं पंजीयन	
80	मनोरंजन कर	
81	सैनिक कल्याण	16.03.2023
82	व्यापार कर	
83	सांस्कृतिक कार्य	
84	सिंचाई एवं जल संसाधन	
85	उक्त सूची के अतिरिक्त कोई विभाग शेष हो अथवा वे विभाग जो निर्धारित तिथि पर लेखामिलान न करा पाये हो	17.03.2023